**सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल**

**वसुंधरा, गाज़ियाबाद**

**सत्र : २०२१ - २२**

**हिन्दी अभ्यास पत्र चतुर्थ मूल्यांकन (पुनराभ्यास - व्याकरण )**

**नाम - ........................... कक्षा - पाँच वर्ग.......... दिनांक- -------------**

**( वर्ण, संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, काल, कारक एवं क्रियाविशेषण)**

---

**प्रश्न-१) जो शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं, उन्हें ................ कहते हैं।**

क) विशेषण ख) कारक

ग) क्रियाविशेषण घ) संबंधबोधक शब्द

**प्रश्न २) - क्रियाविशेषण के कितने भेद होते हैं ?**

क) एक ख) दो

ग) तीन घ) चार

**प्रश्न -३ 'राहुल <u>तेज़</u> भागता है।' - दिए गए वाक्य में क्रियाविशेषण के भेद की पहचान कीजिए।**

क) कालवाचक क्रियाविशेषण ख) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

ग)रीतिवाचक क्रियाविशेषण घ) स्थानवाचक क्रियाविशेषण

**प्रश्न-४) 'नितेश <u>परसों</u> मेरे घर आया था।' रेखांकित शब्द में क्रियाविशेषण की पहचान कीजिए।**

क) कालवाचक क्रियाविशेषण ख) स्थानवाचक क्रियाविशेषण

ख) ग) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण **घ)** रीतिवाचक क्रियाविशेषण

**प्रश्न-५) दिए गए वाक्यों में स्थानवाचक क्रियाविशेषण पद वाले वाक्य को चुनिए।**

क) इधर-उधर मत घूमो। ख) सुनैना कल मुंबई जाएगी।

ग) रात अचानक वर्षा होने लगी। घ) पिता जी जल्दी सो रहे हैं।

**प्रश्न-६) दिए गए वाक्यों में रीतिवाचक क्रियाविशेषण पद वाले वाक्य को चुनिए।**

**क)** मैं प्रतिदिन स्कूल जा रहा हूँ। ख) लड़की अचानक डर गई।

ग) सुरेश दिनभर पढ़ता है। घ) बच्चा थोड़ा-थोड़ा बोलने लगा है।

**प्रश्न-७) 'वह प्रतिदिन व्यायाम करता है।' - दिए गए वाक्य में अविकारी शब्द की पहचान कीजिए।**

क) वह ख) प्रतिदिन

ग) व्यायायम घ) करता है

**प्रश्न -८) <u>पेड़ से</u> फल गिर गया। - दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए कारक की पहचान कीजिए।**

क) कर्ता कारक ख) अपादान कारक

ग) करण कारक घ) संबंध कारक

LIVEWORKSHEETS

**प्रश्न -९) कर्म कारक के लिए किस कारक चिह्न का प्रयोग किया जाता है?**

क) का   ख) ने

ग) से   घ) को

**प्रश्न-१०) ' रवि माँ के लिए दवाई लाया।' वाक्य में प्रयुक्त कारक की पहचान करें -**

क) करण कारक   ख) अधिकरण कारक

ग) संप्रदान कारक   घ) संबोधन कारक

**प्रश्न-११) निम्नलिखित उदाहरणों में कौन-सा संबंध कारक का उदाहरण है।**

क) रीमा ने सुंदर कविता लिखी ।   ख) राम की किताब नई है।

ग) मैदान में हरी घास है ।   घ) अरे! सब शांत हो जाओ ।

**प्रश्न-१२) 'वह पत्र लिखता है।' वाक्य में कारक की पहचान कीजिए।**

क) कर्ता कारक   ख) कर्म कारक

ग) करण कारक   घ) संप्रदान कारक

**प्रश्न-१३) महात्मा गाँधी जी को लोग प्यार से 'बापू' पुकारते थे। - रेखांकित शब्द में प्रयुक्त विराम चिह्न को पहचानिए।**

क) उद्धरण चिह्न   ख) लाघव चिह्न

ग) पूर्णविराम   घ) योजक चिह्न

**प्रश्न -१४) प्रश्न पूछने के लिए .................. चिह्न का प्रयोग किया जाता है।**

क) अल्पविराम   ख) प्रश्नवाचक

ग) विस्मयादिबोधक   घ) पूर्णविराम

**प्रश्न -१५) पं0 जवाहरलाल नेहरू देश के प्रथम प्रधानमंत्री थे। - दिए गए वाक्य में निम्न में से किस विराम चिह्न का प्रयोग किया गया है।**

क) अल्प विराम   ख) उद्धरण चिह्न

ग) लाघव चिह्न   घ) योजक चिह्न

**प्रश्न -१६) सुख-दुख, थोड़ा-थोड़ा, अभी-अभी - इन शब्दों के लिए किस विराम चिह्न का प्रयोग किया गया है?**

क) योजक चिह्न   ख) विस्मयादिबोधक चिह्न

ग) उद्धरण चिह्न   घ) लाघव चिह्न

**प्रश्न -१७) सर्वनाम के कितने भेद होते हैं?**

**क)** तीन   ख) चार

ग) पाँच   घ) छह

**प्रश्न -१८) कौन विद्यालय जा रहा है? - दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द में सर्वनाम की पहचान कीजिए।**

क) प्रश्नवाचक सर्वनाम   ख) पुरुषवाचक सर्वनाम

ग) अनिश्चयवाचक सर्वनाम   घ) निजवाचक सर्वनाम

**प्रश्न -१९) कोई, कुछ, कहीं - जैसे सर्वनाम शब्द किसके उदाहरण हैं ?**

क) पुरुषवाचक सर्वनाम   ख) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

ग) निश्चयवाचक सर्वनाम   घ) निजवाचक सर्वनाम

LIVEWORKSHEETS

**प्रश्न -२०) जो जल्दी भोजन करेगा, वही घूमने चलेगा। - इस वाक्य में सर्वनाम के भेद की पहचान कीजिए।**

क) प्रश्नवाचक सर्वनाम
ख) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
ग) संबंधवाचक सर्वनाम
घ) निश्चयवाचक सर्वनाम

**प्रश्न- २१) ............ भाषा की सबसे छोटी इकाई है जिसके और टुकड़े नहीं हो सकते हैं।**

क) वर्ण
ख) लिपि
ग) भाषा
घ) बोली

**प्रश्न-२२) स्वर के कितने भेद होते हैं ?**

क) 2
ख) 3
ग) 4
घ) 5

**प्रश्न-२३) गंगा, कंघा, जंगल, बंदूर आदि में.................. का प्रयोग हुया है।**

क) अनुस्वार
ख) अनुनासिक
ग) मात्राओं
घ) आगत ध्वनियों

**प्रश्न -२४) दिए गए उदाहरणों में द्वित्व व्यंजन वाले उदाहरण को चुनिए -**

क) ट्रक
ख) कृपा
ग) मिट्टी
घ) प्राण

**प्रश्न-२५) पर्वत, गाँव, कलम, आदमी आदि .................. संज्ञा है ।**

क) जातिवाचक
ख) भाववाचक
ग) व्यक्तिवाचक
घ) समुदायवाचक

**प्रश्न-२६) <u>कक्षा</u> में बच्चे पढ़ रहे हैं। - दिए गए वाक्य में रेखांकित पद में संज्ञा के भेद की पहचान कीजिए।**

क) जातिवाचक संज्ञा
ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा
ग) द्रव्यवाचक संज्ञा
घ) समुदायवाचक संज्ञा

**प्रश्न-२७) दिए गए विकल्पों में अकर्मक क्रिया के सही उदाहरण की पहचान कीजिए -**

क) खाना
ख) लिखना
ग) तैरना
घ) पढ़ना

**प्रश्न-२८) दिए गए विकल्पों में सकर्मक क्रिया के उदाहरण की पहचान कीजिए -**

क) हँसना
ख) दौड़ना
ग) खेलना
घ) जागना

**प्रश्न-२९) 'माँ मेरे लिए खाना पका रही हैं।' वाक्य क्रिया के किस भेद की जानकारी देता है?**

क) सकर्मक क्रिया
ख) अकर्मक क्रिया

**प्रश्न-३०) 'दीपक अख़बार बेचता है।' यह वाक्य किस काल का बोध कराता है ?**

क) भविष्यत् काल
ख) वर्तमान काल
ख) भूतकाल
घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न-३१) इनमें से कौन-सा वाक्य भूतकाल का उदाहरण है ?**

क) वर्षा हो रही है ।
ख) बच्चे खेलने जाएँगे ।
**ग)** हम घूमने गए थे ।
घ) बच्चे विद्यालय जा रहे हैं।

LIVEWORKSHEETS